**सुरक्षा पर सवाल** क्षतिग्रस्त डिवाइडर बन रहे हादसों का कारण

# आईटीआई तिराहा-पाटन बायपास पर लापरवाही उजागर



सड़को पर झूलते टूटे डिवाइडर



नहीं होती देखरेख

**जबलपुर, नवभारत।** आईटीआई तिराहे से पाटन बायपास रोड पर इन दिनों यातायात सुरक्षा को लेकर गंभीर लापरवाही सामने आई है। सड़क के बीच बने डिवाइडर पर लगी लोहे की रेलिंग कई स्थानों पर टेढ़ी-मेढ़ी और टूटी हुई नजर आ रही है। कुछ रेलिंग तो सड़क की ओर झुकी हुई हैं, जिससे दोपहिया और चारपहिया वाहन चालकों को हर वक्त दुर्घटना का खतरा बना रहता है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि इस मार्ग से रोज़ाना भारी यातायात गुजरता है। व्यस्त समय में झुकी हुई रेलिंग अचानक वाहन से टकरा सकती है, जिससे बड़ा हादसा हो सकता है। रात के समय दृश्यता कम होने पर यह खतरा और बढ़ जाता है। बावजूद इसके, संबंधित विभाग की ओर से अब तक न तो मरम्मत कराई गई है और न ही किसी तरह की चेतावनी संकेतक लगाए गए हैं।

### आमजनों ने प्रशासन से की अपील

ग्रामीणों और राहगीरों ने प्रशासन से मांग की है कि जल्द से जल्द क्षतिग्रस्त डिवाइडर और रेलिंग को ठीक कराया जाए, ताकि किसी अप्रिय घटना से पहले सुरक्षा सुनिश्चित हो सके। यह मार्ग शहर की एक महत्वपूर्ण कड़ी है, ऐसे में छोटी-सी लापरवाही भी बड़े नुकसान का कारण बन सकती है।

### इनका कहना है

सिर्फ आईटीआई तिराहा ही नहीं शहर में जहां भी डिवाइडर खराब हो चुके है उनकी मरम्मत का कार्य तेज़ी से कराया जाएगा।

**कमलेश श्रीवास्तव**
**कार्य. यंत्री, लोनिवि**

## सरकारी स्कूलों में कार्यरत कंप्यूटर इंस्ट्रक्टर को अंतरिम राहत

**जबलपुर।** मप्र हाईकोर्ट के जस्टिस एमएस भट्टी की एकलपीठ ने शासकीय स्कूलों में कार्यरत कंप्यूटर इंस्ट्रक्टर्स को अंतरिम राहत प्रदान की है। इसके तहत इंस्ट्रक्टर्स को आउटसोर्स व्यवस्था के दायरे में लाने की तैयारी पर यथास्थिति के निर्देश जारी कर दिए हैं। साथ ही राज्य शासन, लोक शिक्षण संचालनालय और समग्र शिक्षा अभियान को नोटिस जारी कर जवाब-तलब किया है। अगली सुनवाई 17 फरवरी को नियत की गई है। याचिकाकर्ता अरजीत नामदेव सहित 118 शिक्षकों की ओर से पक्ष रखा गया। दलील दी गई कि यह मामला प्रदेश के लगभग 92 हजार सरकारी स्कूलों से जुड़ा है। याचिकाकर्ताओं की नियुक्ति अतिथि शिक्षक व्यवस्था के तहत मेरिट के आधार पर हुई थी। वे लगभग ढाई सत्र पूरे कर चुके हैं। यदि उन्हें आउट सोर्सिंग में डाला जाता है, तो भविष्य में सीधी भर्ती में मिलने वाले 50 प्रतिशत आरक्षण का लाभ उनसे छिन जाएगा। सत्र 2025-26 के बीच में अचानक लिया गया यह निर्णय को भविष्य के साथ खिलवाड़ है। सुनवाई पश्चात् न्यायालय ने उक्त निर्देश दिये।



# अब दिखने लगा सूर्यदेव-तालाब का मनमोहक संगम

**सूरतलाई तालाब की लौट रही पुरानी चमक**



**नवभारत, जबलपुर।** नगर निगम के सतत प्रयासों से वर्षों बाद शहर के ऐतिहासिक 5.5 हेक्टेयर अर्थात 13 एकड़ से अधिक क्षेत्र में विकसित सूरजताल तालाब के कायाकल्प तेज गति से किया जा रहा है। इस तालाब को संवारने के लिए निगमायुक्त आर.पी. अहिरवार 28 दिनों से 1 बड़ी हिटाची, 4 मिनी हिटाची, 1 नाव, 1 डोंगी और पर्याप्त संख्या में सफाई मित्रों को लगाकर तालाब की सूरत बदलने और पुरानी विरासत को संरक्षित कर नई पीढ़ी को देने की दिशा में लगातार कार्य कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि तालाब में 1 लाख 50 हजार क्यूबिक पानी संग्रहण करने की क्षमता है। यह तालाब शहर के नागरिकों के लिए वरदान साबित होगा।

### निरीक्षण में दिखाई सख्ती

निगमायुक्त ने गुरूवार को तालाब क्षेत्र का निरीक्षण किया और संबंधित अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए कि तालाब की भूमि का तत्काल सीमांकन किया जाए। उन्होंने निर्देशित किया कि तालाब के जलग्रहण क्षेत्र में किसी भी प्रकार का अतिक्रमण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। तहसीलदार और पटवारी की टीम के साथ तालमेल बैठाकर अवैध निर्माणों को चिन्हित कर हटाने की प्रक्रिया शुरू करने के निर्देश दिए गए हैं।

# कार अनियंत्रित होकर डिवाइडर पर चढ़ी

**जबलपुर।** माढ़ोताल थाना अंतर्गत कटंगी बायपास चौराहे पर गुरूवार रात्रि तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर बहक गई। राहगीरों ने कड़ी मशक्कत के बाहर कार को बाहर निकाला। हादसा कैसे और किन परिस्थितियों में हुआ इसका फिलहाल पता नहीं चल सका है। समाचार लिखे जाने तक पुलिस के पास हादसे की सूचना नहीं थी।

जानकारी के मुताबिक कार क्रमांक एमपी 20 सीजी 4057 रात्रि करीब साढ़े आठ बजे जैसे ही कटंगी बायपास चौराहे पर पहुंची तभी चालक नियंत्रण खो बैठा और



कार अनियंत्रित होकर बहक कर डिवाइडर पर चढ़ गई। मौके पर लोगों की लगी भीड़ कार को डिवाइडर से बाहर निकालने का प्रयास करते देखे गए। इस घटना से अफरा तफरी मच गई थी।

## ट्रक-कार में भिड़ंत, चार घायल

**जबलपुर।** कटंगी थाना अंतर्गत सैयद बाबा मजार गेट के पास तेज रफ्तार ट्रक ने कार को टक्कर मार दी । हादसे में चार लोग घायल हो गए जिन्हें तत्काल उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया। पुलिस के मुताबिक विनोद पटेल निवासी शंकर नगर मदर टेरेसा ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि वे फुटकर किराना दुकान का सामान बेचने का काम करता है। साथी श्याम लाल पांचे, अमरू लाल पांचे और अनीता चौरसिया को शेख इरफान के साथ दोस्त की कार क्रमांक एमपी 20 एफ ए 2779 से ग्राम जमुनिया (कटंगी) शादी कार्यक्रम में आने के लिये रवाना किया और वे अपने दोस्त गोविन्द के साथ उसकी बाइक से कार के पीछे पीछे पहुंचा। जैसे ही कटंगी बस्ती निकल कर सैयद बाबा मजार गेट के पास मैन रोड पर पहुंचे उसी दौरान कटंगी तरफ से एक ट्रक क्रमांक एमपी 20 जीए 8515 का चालक ट्रक को तेज गति व लापरवाही पूर्वक चलाते हुये आया और कार में पीछे से टक्कर मार दिया। टक्कर लगने से वेगनआर में बैठे श्याम लाल पांचे, अमरू लाल, अनीता चौरसिया व चालक शेख इरफान को हाथ, पैर, कमर, सिर व शरीर में अन्य जगह चोटें आ गई।

# कलेक्टर ने ली समीक्षा बैठक, बाधाओं-निदान पर चर्चा

**जबलपुर।** कलेक्टर राघवेंद्र सिंह ने गुरूवार को जिले में चल रहे निर्माण कार्यों की प्रगति की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने पीडब्ल्यूडी, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, ब्रिज और एमपीआरडीसी के अंतर्गत विभिन्न विकास कार्यों की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने निर्माण कार्यों के दौरान आने वाली बाधाओं और उनके निदान पर चर्चा की। कलेक्टर ने सभी निर्माण विभागों से कहा कि वे अपने लक्ष्य अनुरूप कार्य कर प्रगति लाएं। उन्होंने संबंधित अधिकारियों से कहा कि रात में विजिबिलिटी कम होती है, इसलिए सड़कों में मोड़ और



पुल-पुलियों पर रिफ्लेक्टर और आवश्यक साइनेज लगाएं। उन्होंने यह भी कहा कि सड़कों में पाए जाने वाले गौवंश के गले में रिफ्लेक्टर पट्टा लगाएं और उन्हें गौशालाओं में भेजना सुनिश्चित करें, ताकि किसी गौवंश का सड़क में दुर्घटना न हो। इसके अलावा कलेक्टर ने पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों से कहा कि वे सर्किट हाउस और रेस्ट हाउस में आवश्यक रिपेयरिंग भी कराएं। बैठक के दौरान निर्माण विभागों ने अपने-अपने कार्यों की प्रगति के संबंध में जानकारी दी। कलेक्टर ने आवश्यक दिशा-निर्देश दिए और निर्माण कार्यों में तेजी लाने के लिए कहा।

# देवताल में आवारा श्वानों का आतंक, बालिका को काटा



**जबलपुर।** रानी दुर्गावती वार्ड अंतर्गत देवताल हितकारिणी स्कूल के सामने आवारा श्वानों का आतंक व्याप्त है। राह चलते स्कूली बच्चों को, राहगीरों को, विशेष कर महिलाओं को अचानक से हमला कर घायल कर रहे हैं। श्वानों ने अब एक बालिका पर अटैक करते हुए उसे काट लिया। जानकारी के मुताबिक दीपक सोनी की पुत्री सौम्या 13 वर्ष अपनी सहेली के घर स्कूल की होमवर्क कापी लेकर घर जा रही थी तभी एक काले कुत्ते ने पीछे से दौड़ कर बच्ची के बांये पैर में काट लिया जिससे बच्ची के पैर से खून बहने लगा। उसे तत्काल मेडिकल अस्पताल ले जाया गया। समाज सेवी गजेन्द्र दुबे ने बताया कि सूपाताल रामायण मंदिर के सामने, चिकनी कुआं स्थित दुबे कालोनी, लढिया मोहल्ला, आदि क्षेत्र में भी दिन रात आवारा श्वानों का आतंक व्याप्त है। हर दो दिन में ऐसी घटनाएं हो रही है। रहवासी दहशत में है। स्थानीय लोगों ने निगमायुक्त से त्वरित कार्रवाई के लिए अपील की है। ताकि आम आदमी श्वानों के हमलों से सुरक्षित हो सकें।

# नागरिकों को सुरक्षित महसूस कराने पैदल घूमे, संवाद करें

**एसपी ने ली अपराध समीक्षा बैठक, बोले बदमाशों पर कार्रवाई करो**

**जबलपुर।** पैदल भ्रमण के दौरान समाज के हर वर्ग के लोगो से सम्वाद स्थापित करें, ताकि आम नागरिक अपने आपको सुरक्षित महसूस करें, इससे आपको महत्वपूर्ण सूचनायें प्राप्त होंगी जो शांति एंव कानून व्यवस्था बनाये रखने में काफी उपयोगी होगी। यह बातें पुलिस अधीक्षक सम्पत उपाध्याय ने कंट्रोल रूम में अपराध समीक्षा बैठक के दौरान कहीं। इस दौरान उन्होंने विवेचना में लंबित गम्भीर अपराधों की समीक्षा करते हुये निकाल के सम्बंध में भी



आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि गुम अवयस्क बालक, बालिकाओं की हर संभव प्रयास कर दस्तयाबी करें। सीएम हैल्प लाईन, वरिष्ठ कार्यालयों, जन सुनवाई की शिकायतों का प्राथमिकता के अधार पर निकरण करें। गुंडे बदमाशों पर लगातार कार्रवाई जारी रखे। इसके साथ ही शाम के समय थाना क्षेत्र में बल के साथ पैदल पैट्रोलिंग करें एवं मार्ग में व्यवधान उत्पन्न करने वाले अवैध अतिक्रमण को हटाते हुये यातयात सुगम बनायें। एसपी ने कहा कि स्थाई वारन्ट की तामीली लगातार अधिक से अधिक करें, फरार आरोपियों पर ईनाम उद्घोषित करायें पतासाजी कर शीघ्र आरोपी की गिरफ्तारी करें। ऐसे आरोपी जो जिले से बाहर रह रहे है की गिरफ्तारी के लिए टीम बनाकर रवाना करें। बैठक में त्रिवार्षिक तुलनात्मक भादवि, बीएनएस व प्रतिबंधात्मक एवं माईनर एक्ट की विस्तार से समीक्षा की गयी। बैठक में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर आयुष गुप्ता , अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जोन-2 सुश्री पल्लवी शुक्ला, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) सूर्यकांत शर्मा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (यातायात) सुश्री अंजना तिवारी समेत समस्त राजपत्रित अधिकारी एवं थाना प्रभारी तथा चौकी प्रभारी उपस्थित रहे।

# हाईकोर्ट से जमानत कराने पर अधिवक्ता को धमकाया

**जबलपुर।** जेल में बंद युवक की हाईकोर्ट से जमानत कराने पर बदमाश ने युवक को धमकी दी और फरार हो गया। अधारताल पुलिस ने रिपोर्ट पर प्रकरण दर्ज कर लिया है। पुलिस के मुताबिक सत्यानारायण कुशवाहा निवासी राम नगर ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि वे अधिवक्ता है। उसके पास अभिषेक दाहिया निवासी सुशीला परिसर अमखेरा पर दर्ज धारा 351(2), 69 का केस था जिसमें अभिषेक दाहिया जेल में बंद था। जिसकी हाईकोर्ट से जमानत करवायी थी। संजय जैन एवं अभिषेक दाहिया का कोई पैसो संबंधी लेन देन था। बुधवार रात्रि




करीब 10:30 बजे घर पर था तभी संजय जैन घर के बाहर मेन रोड में आकर उसे आवाज लगाया तो बाहर निकला। संजय जैन देखते ही अभिषेक दाहिया की जमानत की बात को लेकर विवाद करने लगा और कहने लगा तुमने उसकी जमानत क्यो करवायी है उसने पैसे नही दिये। जान से मारने की धमकी देते हुये चला गया।

# मज़दूर संघ ने कैडर बदलने के लिए खोला मोर्चा

**जबलपुर, नवभारत।** वेस्ट सेंट्रल रेलवे मज़दूर संघ ने पश्चिम मध्य रेलवे की महिला ट्रैक मेंटेनर्स की समस्याओं को लेकर एक महत्वपूर्ण मोर्चा खोल दिया है। संघ द्वारा महाप्रबंधक को लिखे पत्र में महिला रेलकर्मियों के लिए एक बारगी कैडर परिवर्तन की प्रक्रिया शुरू करने की पुरजोर मांग की गई है। संघ ने अवगत कराया है कि जबलपुर, भोपाल और कोटा मंडलों में कार्यरत महिला ट्रैक मेंटेनर्स को कार्यस्थल पर भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। वहां न तो शौचालय की व्यवस्था है और न ही चेंजिंग रूम या पीने के पानी जैसी बुनियादी सुविधाएं। इन विषम परिस्थितियों के बावजूद महिलाएं निरंतर सेवा दे रही हैं, लेकिन अब वे अन्य विभागों में स्थानांतरण की उम्मीद कर रही हैं।

### अन्य जोनों का दिया हवाला

मज़दूर संघ के महासचिव अशोक शर्मा ने पत्र में तर्क दिया है कि जब मध्य रेलवे (भुसावल, पुणे), पश्चिम रेलवे (भावनगर, रतलाम) और नॉर्दन रेलवे में महिला ट्रैक मेंटेनर्स के कैडर परिवर्तन की प्रक्रिया सुचारू रूप से चल सकती है, तो जबलपुर ज़ोन में इसमें देरी क्यों? पत्र में स्पष्ट किया गया है कि इसके लिए मंडल रेल प्रबंधक सक्षम अधिकारी हैं और नियमों में भी कोई बाधा नहीं है। संघ का मानना है कि यदि जल्द ही कोटा, जबलपुर और भोपाल मंडलों में कैडर परिवर्तन के आदेश जारी होते हैं, तो यह न केवल रेल परिचालन के लिए बेहतर होगा बल्कि महिला कर्मचारियों के साथ न्याय भी सुनिश्चित करेगा।

## होली पर चलेगी रानी कमलापति दानापुर स्पेशल ट्रेन

**जबलपुर, नवभारत।** रंगों के पर्व होली पर यात्रियों की बढ़ती भीड़ और सुविधा को ध्यान में रखते हुए रेल प्रशासन ने विशेष ट्रेनों के संचालन का बड़ा फैसला लिया है। इस क्रम में रानी कमलापति-दानापुर रूट पर होली स्पेशल ट्रेनों का संचालन किया जाएगा। ये गाड़ी जबलपुर मंडल से होकर चलेंगी। गाड़ी संख्या 01667/68 रानी कमलापति दानापुर रानी कमलापति होली स्पेशल वाया जबलपुर का संचालन 27 फरवरी से 3 मार्च तक किया जाएगा। यह ट्रेन रानी कमलापति से शुक्रवार और सोमवार तथा दानापुर से शनिवार और मंगलवार को चलेगी।

# शासकीय नवीन बुनियादी स्कूल के बच्चों ने ली स्वच्छता की शपथ

**नवभारत, जबलपुर।** स्वच्छ सर्वेक्षण के मानकों के अनुरूप शहर को अव्वल बनाने के लिए निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार के निर्देश पर नगर निगम जबलपुर द्वारा शहर के हर वर्ग के नागरिकों को जनजागरूकता करने के उद्देश्य से निरंतर अभियान चला रहा है। इसी क्रम में संभाग क्रमांक 13 के अंतर्गत शासकीय नवीन बुनियादी माध्यमिक स्कूल' में 'स्वच्छता की पाठशाला' का विशेष आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान छात्रों को कचरा प्रबंधन की महत्वपूर्ण जानकारी देते हुए बताया



गया कि कैसे कचरे को पाँच अलग-अलग श्रेणियों में पृथक कर निगम की गाड़ी में देना चाहिए, साथ ही, सिंगल यूज प्लास्टिक के त्याग और डस्टबिन के अनिवार्य उपयोग की समझाइश दी गई। कार्यक्रम के समापन पर सभी छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों ने शहर को स्वच्छ रखने की सामूहिक शपथ ली।

# शातिर चोर को क्राइम ब्रांच ने दबोचा

**1.32 लाख नगदी समेत जेवर जब्त**

**जबलपुर।** सिवनी में चोरी की वारदात को अंजाम देकर जबलपुर पहुंचे शातिर चोर को क्राइम ब्रांच ने गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए आरोपी के कब्जे से 1 लाख 32 हजार रूपए नगद, 300 ग्राम वजनी चांदी के जेवरात बरामद किए है। क्राइम ब्रांच थाना प्रभारी शैलेष मिश्रा ने बताया कि सिवनी के छपारा थाना में दर्ज चोरी के प्रकरण में फरार गुलफाम उर्फ गुड्डू पिता जब्बार खान 24 वर्ष निवासी टेढ़ी नीम हनुमान ताल को क्राइम ब्रांच ने दबोच लिया है। जिसके कब्जे से



नगदी 1 लाख 32 हजार रुपए, 300 ग्राम चांदी के जेवर इसमें तीन जोड़ी पायल 6 चांदी के कड़े, 6 चांदी की बिछिया जप्त कर थाना छपारा को सौप दिया है। घटना के अन्य आरोपी साहिल चौधरी, फैज खान एम एफाज की तलाश जारी है। उक्त आरोपियों द्वारा कांच घर के सारिका ज्वेलर्स की दुकान पर सोने के जेवरात करीब आठ तोला बेचा है।

**पहल** 12 एसटीपी प्लांटों से पानी हो रहा उपचारित, नर्मदा के शहरी तटों में प्रवाहित हो रहा है स्वच्छ पानी

# शहरी क्षेत्र के नर्मदा में नहीं मिल रहा है एक बूंद भी गंदा पानी

**नवभारत, जबलपुर।** नगर निगम ने शहर के बढ़ते शहरीकरण और सीवेज की समस्या का समाधान करने व्यापक रूप से तैयारियां कीं हैं। नगर निगम द्वारा की गई तैयारियों एवं 12 एस.टी.पी. प्लांटों के माध्यम से शहरी क्षेत्र के नर्मदा में उपचारित पानी ही प्रवाहित हो रहा है। निगम सीमा के बाहर के नर्मदा में मिलने वाले अनुपचारित पानी को बंद करने के लिए शासन के अमृत 2.0 योजना में कार्य योजना शामिल की गयी है, जिससे पूरी तरह से नर्मदा में अनुपचारित पानी का प्रवाह बंद हो



जायेगा। इसका मुख्य उद्देश्य नर्मदा नदी में गिरने वाले गंदे नालों को पूरी तरह बंद करना और शहर के 100 प्रतिशत क्षेत्र को सीवर नेटवर्क से जोड़ना है। शहर में प्रतिदिन लगभग 174 एम.एल.डी. सीवेज उत्पन्न होता है। इसके प्रबंधन के लिए वर्तमान में 7 प्रमुख एसटीपी नर्मदा के तटों गौर ब्रिज, सिद्धघाट, उमाघाट आदि पर मिलने वाले नालों को रोककर उन्हें उपचारित करने के लिए 7 प्लांट सक्रिय हैं। रानीताल और गुलौआ तालाब में विशेष एस.टी.पी. लगाए गए हैं, जिससे इन ऐतिहासिक जल निकायों में केवल उपचारित जल ही प्रवाहित होता है। वर्तमान में 12 एस.टी.पी. संचालित हैं जिनकी कुल क्षमता 104.38 एम.एल.डी. है, जिसमें से औसतन 76 एम.एल.डी. सीवेज का प्रतिदिन उपचार किया जा रहा है।

### अमृत 2.0 : शहर का सबसे बड़ा सीवरेज प्रोजेक्ट

शहर का 55 प्रतिशत हिस्सा अभी भी सीवर नेटवर्क से बाहर है, जिसे कवर करने के लिए शासन ने 755.55 करोड़ की भारी-भरकम योजना स्वीकृत की है। ओमती, मोती, करोंदा और उरदना जैसे बड़े नालों का उपचार, जो फिलहाल परियत नदी में मिलते हैं। इसके तहत 682 कि.मी. लंबी सीवर लाइन बिछाई जाएगी और 1.70 लाख घरों को कनेक्शन दिया जाएगा। वहीं 11 विभिन्न स्थानों पर 124 एम.एल.डी. क्षमता के नए प्लांट बनाए जा रहे हैं। शेष 10 प्रतिशत क्षेत्र के लिए नगर निगम ने 397 करोड़ का प्रस्ताव शासन को भेजा है। इस पूरी योजना के क्रियान्वयन में अगले 3 से 5 वर्ष लगने का अनुमान है। जून 2025 में नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल (एन.जी.टी.) ने भी नर्मदा के पानी की गुणवत्ता को लेकर संतोष व्यक्त किया है और प्रदूषण बोर्ड ने इसे "ए ग्रेड" गुणवत्ता वाला बताया है, जिसमें पी.एच. लेवल खाना खाने को 8.5 से कम होने के साथ-साथ अन्य सभी पैरामीटर निर्धारित मानकों के अनुरूप ही हैं।